


HINDI

مؤسسة دبي
لرعاية النساء والأطفال
DUBAI FOUNDATION FOR WOMEN & CHILDREN

# मानव तस्करी क्या है?

धोखे अथवा जोर जबरदस्ती से मनुष्यों की भर्ती, पारगमन, स्थानांतरण, शरण आदि इसमें शामिल है। इस प्रकार छल, धोखे और अपहरण कर के उन लोगों (शोषितों) को जबरदस्ती सेक्स व्यापार, जबरदस्ती श्रम अथवा सेवा और अन्य गुलामी काम करवाने अथवा इनके शरीर के हिस्सों को निकालकर उनकी तस्करी के लिए उपयोग किया जाता है।

## मानव तस्करी से जुड़े अपराधों का प्रसार:

मानव तस्करी का अपराध पूरी दुनिया के लगभग सभी देशों में फैला हुआ है। इन देशों में, मूल देश - जहाँ से पीड़ित आते हैं। गंतव्य देश - जहाँ से वे कार्य, यात्रा, पढ़ाई आदि के लिए जाते हैं और मध्यवर्ती देश - जहाँ से होकर वे गुजरते हैं।

इन मध्यवर्ती देशों से गंतव्य देश तक पहुँचने से पहले ही पीड़ितों का शोषण और व्यापार का प्रबंध होता है।

# अति संवेदनशील श्रेणियां

## तस्करों द्वारा लक्षित समूह

- सामान्य तौर पर बच्चे और महिलाएं;
- अशिक्षित लोग;
- ऐसे लोग जो कम पढ़े-लिखे हैं अथवा जिनकी समझ और जागरूकता कम है;
- ऐसे लोग जो मानव तस्करी के बारे में नहीं जानते हैं या जिन्होंने इसके बारे में सुना नहीं है;
- ऐसे लोग जिनकी आर्थिक और सामाजिक स्थितियां विषम हैं और जो आजीविका के लिए संघर्ष कर रहे हैं;
- ऐसे लोग जो रोजगार समझौता पत्र को गौर से नहीं देखते और अपने अधिकारों के प्रति लापरवाह होते हैं;
- ऐसे लोग जो काम की तलाश में जाते समय अथवा विदेशी यात्राओं के समय अपने मित्रों और रिश्तेदारों पर अंध-विस्वास कर लेते हैं; और
- ऐसे लोग जो अपनी या अपने रिश्तेदारों की संपत्ति बेचते समय अथवा विदेशी यात्राओं के लिए धन उधार लेते समय जल्दबाजी में फैसले लेते हैं।

## शोषण से सुरक्षा कैसे करें:

## मानव तस्करी से खुद को कैसे सुरक्षित रखें?

- जो कम्पनियाँ केवल इंटरनेट का उपयोग करती हैं और जिनके दलाल मोबाइल फ़ोन का उपयोग करते हैं उनके साथ डील करते समय पर्याप्त सतर्कता बरती जाए।
- ऐसे मोहक जॉब ऑफर्स जिनमें बिना पेपर, बिना कार्यालयी दस्तावेज के जॉब दी जा रही हो, वीज़ा, यात्रा टिकट और रहने की सुविधाएँ मुफ्त दी जा रही हों और कोई भी शैक्षिक योग्यता न मांगी जा रही हो, से बचें। आपको मानव व्यापार का शिकार बनाने के लिए ऐसे ऑफर्स से धोका हो सकता है।
- जब आप काम के सिलसिले में कहीं जाने का विचार करें तो काम के लिए आवश्यक एंट्री वीज़ा के बारे में जरूर पूछें और उसकी तुलना आपको अनुमित तिथि से भी अवश्य करें।
- किसी भी राज्य में जाने या किसी भी राज्य से गुजरने के लिए कभी भी यात्रा संबंधी दस्तावेज ले जाना न भूलें।
- फर्जी भर्ती एजेंसियों में काम करने वाले लोगों से सावधान रहें। विदेश में जिन भर्ती एजेंसियों से आप डील कर रहे हैं उनकी वैधता की पुष्टि के लिए वहां के दूतावास अथवा राजदूतावास से संपर्क अवश्य करें।

- कोई भी जॉब लेते समय उसकी रोजगार संविदा सभी जानकारियों (जैसे- जॉब का प्रकार, वेतन, कार्य करने का समय, छुट्टियाँ, सेवा उपरांत लाभ, रहने की सुविधा और मेडिकल और इंश्योरेंस जैसी सुविधाएँ) आदि की विस्तृत समीक्षा कर लें।
- ऐसे किसी भी कॉन्ट्रैक्ट पर साइन न करें जिसकी भाषा आपकी समझ में न आ रही हो। नियोक्ता को कॉन्ट्रैक्ट ऐसी भाषा में देने को कहें जिसकी भाषा को आप आसानी से समझ सकें और उससे कॉन्ट्रैक्ट के सभी प्रमुख प्रावधानों को विस्तार से समझाने को कहें।

1. कार्य आरम्भ करने की तिथि
2. कार्य का प्रकार और स्वरुप
3. कार्यस्थल
4. कार्य से सम्बंधित नियम व शर्तें
5. वेतन

(UAE में कार्य सम्बंधी किसी भी विवाद की स्थिति में सन्दर्भ के लिए आपको कॉन्ट्रैक्ट के अरबी प्रतिरूप से मदद लेनी चाहिए।)

- हमेशा कार्य करते समय मानवीय मूल्यों और नैतिकताओं का पालन करें। यदि आपसे कोई भी अनैतिक अथवा गैर-कानूनी काम करने को कहा जाए, तो तुरंत काम करना बंद कर दें और राज्य के सक्षम अधिकारी को सूचित करें।

- अपना पासपोर्ट और पहचान से सम्बंधित सभी दस्तावेजों को लोगों की पहुँच से दूर रखें, जिससे कोई इनको लेकर आपपर दबाव न बना सके।
- अपना पता, घर का नंबर और उस क्षेत्र की जानकारी हमेशा रखें जहाँ आप रह रहे हैं। आवश्यक फोन नंबर जैसे (पुलिस, आपका गृह दूतावास, एम्बुलेंस, मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीयता एवं निवास विभाग, श्रम मंत्रालय और अन्य कार्यकारी प्राधिकरण) हमेशा याद रखें।
- UAE उन देशों में सबसे प्रमुख है जो कानून व्यवस्था और विधि द्वारा मानवाधिकारों को संरक्षित और प्रबंधित करने के लिए जाना जाता है। कभी भी डरें नहीं और अनैतिक कार्यों में संलग्न न हों। आपको जानकारी होनी चाहिए की निम्न कार्यकारी संस्थाओं से आपको सहायता लेने का अधिकार है। (जैसे पुलिस, गृह या राजदूतावास)
- अपना फोन हमेशा प्राइवेट रखें। अपने परिचितों, रिश्तेदारों और घनिष्ठ मित्रों के नंबर सेव रखें। साथ ही साथ एक नोटबुक में सक्षम प्राधिकरणों के नंबर भी सुरक्षित रखें जिससे आवश्यकता होने पर आप उनसे संपर्क कर सकें।
- आपको यह ज्ञात होना चाहिए की यदि आपके परिवार और रिश्तेदारों को आपका पता और कार्यस्थल की जानकारी होगी तो वह आपके मानव तस्करी के जाल में फंस जाने की स्थिति में उनके लिए आपकी मदद कर पाना आसान होगा।

## यदि आप मानव तस्करी के जाल में फंस जाते हैं:

- इस अपमान और शोषण के विरुद्ध अपनी पूरी ताक़त से खड़े हों। ऐसा कोई भी काम न करें जो आपकी मान्यताओं, धर्म, कानून और परम्पराओं के विरुद्ध हो।
- दलालों द्वारा निर्मित किसी भी भय अथवा दबाव के आगे न झुकें। याद रखिए इस तरह का कोई भी भय वास्तविक नहीं है।
- खुद से अथवा आसपास के लोगों की मदद से पुलिस की सहायता लें।
- अपने रिश्तेदारों और मित्रों को कॉल करें जिससे वे आपकी समस्या की रिपोर्ट कर सकें।

## बचाव के लिए महत्वपूर्ण फोन नंबर:

| संगठन | नंबर |
|---|---|
| महिलाओं और बच्चों के लिए दुबई फाउंडेशन की हॉटलाइन | 800-111 |
| इवा की हॉटलाइन | 800-7283 |
| मानव तस्करी के लिए केंद्र - दुबई | 8005005 |
| मानव-तस्करी विरोधी डिवीजन - दुबई पुलिस | 04-2036215 |
| श्रम मंत्रालय | 800-665 |

योगेश कृष्ण पाटील
0501585238

مؤسسة دبي
لرعاية النساء والأطفال
DUBAI FOUNDATION FOR WOMEN & CHILDREN

Tel: +971 4 6060300
www.dfwac.ae
Fax: +971 4 2871177
P.O.Box: 97727 Dubai, UAE